दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 05
अंकः- 227
मुरादाबाद
(Tuesday)
09 December 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

जिन्ना की वजह से नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा

वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के मौके पर संसद में चर्चा हो रही है। लोकसभा में चर्चा की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के कई मौकों का उल्लेख किया। साथ ही विपक्ष को भी घेरा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को जब लोकसभा में वंदे मातरम पर चर्चा की शुरुआत की, तो उन्होंने विपक्ष को जमकर घेरा। उन्होंने वंदे मातरम को लेकर मोहम्मद अली जिन्ना के नेतृत्व वाली मुस्लिम लीग के विरोध का जिक्र और

तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू की भूमिका पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 1905 में जो वंदे मातरम महात्मा गांधी को राष्ट्र गान के रूप में दिखता था, फिर भी पिछली सदी में इसके साथ इतना बड़ा अन्याय क्यों हुआ। वंदे मातरम के साथ विश्वासघात क्यों हुआ? अन्याय क्यों हुआ? वो कौन-सी ताकत थी, जिसकी इच्छा खुद पूज्य बापू की भावनाओं पर भी भारी पड़ गई? जिसने वंदे मातरम जैसी पवित्र भावना को भी विवादों में घसीटा गया।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महात्मा गांधी ने 2 दिसंबर 1905 में लिखा था, जिस गीत वंदे मातरम को बंकिमचंद्र ने रचा है, वह पूरे बंगाल में लोकप्रिय हो गया है। स्वदेशी आंदोलन में बंगाल में विशाल सभाएं हुईं। लाखों लोगों ने इकट्ठे होकर वंदे मातरम गीत गाया। यह गीत इतना लोकप्रिय हो गया है, जैसा यह हमारा राष्ट्र गान बन गया हो। इसकी भावनाएं महान हैं और यह अन्य राष्ट्रों के गीतों से अधिक मधुर है। इसका एकमात्र उद्देश्य हम में देशभक्ति की भावना जगाना है। यह भारत को मां के रूप में देखता है और उसकी स्तुति देखता है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, 1905 में जो वंदे मातरम महात्मा गांधी को राष्ट्र गान के रूप में दिखता था, पिछली सदी में उसके इसके साथ इतना बड़ा अन्याय क्यों हुआ? वंदे मातरम के साथ विश्वासघात क्यों हुआ? अन्याय क्यों हुआ? वो कौन-सी ताकत थी, जिसकी इच्छा खुद पूज्य बापू की भावनाओं पर भी भारी पड़ गई? किसने वंदे मातरम जैसी पवित्र भावना को भी विवादों में घसीटा?

संक्षिप्त समाचार

चीन यात्रा के वक्त या वहां से जाते समय सावधानी बरतें, विदेश मंत्रालय ने चीन भारतीयों को दी चेतावनी

विदेश मंत्रालय ने चीन यात्रा पर भारतीयों को सतर्क रहने की सलाह दी है। यह कदम तब उठाया गया जब अरुणाचल की थोंगडोक नाम की महिला को शंघाई एयरपोर्ट पर 18 घंटे रोककर उनका पासपोर्ट अमान्य बताया। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय ने कई और मामले की भी जानाकरी दी।भारत ने चीन की यात्रा करने वाले नागरिकों के लिए बड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि चीनी हवाई अड्डों से ट्रांजिट करने वाले भारतीयों के साथ अनुचित और भेदभावपूर्ण बर्ताव नहीं होना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने साफ कहा है कि हाल की घटना ने गंभीर चिंता बढ़ाई है और इसलिए चीन यात्रा करने से पहले भारतीयों को पूरी सतर्कता बरतनी चाहिए।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत उम्मीद करता है कि चीन भारतीय यात्रियों को न तो निशाना बनाएगा, न ही मनमाने तरीके से हिरासत में लेगा। उन्होंने कहा कि भारत चाहता है कि अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा के नियमों का सम्मान किया जाए और भारतीयों को बिना वजह परेशान न किया जाए। प्रवक्ता ने कहा कि हाल की शिकायतों के बाद सरकार भारतीय नागरिकों को सलाह देती है कि वे चीन जाने या वहां से ट्रांजिट करने में सावधानी रखें।क्या था मामला, जिसे लेकर सरकार सख्त- पश्चिमी कामेंग जिले की रूपा की रहने वाली थोंगडोक, जो फिलहाल ब्रिटेन में रहती हैं, लंदन से जापान जा रही थीं।

मुरादाबाद में योगी : अगले साल होगा पंयायत चुनाव... एक भी वोट गलत न बने,

एसआईआर में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

मुरादाबाद में योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिधियों और अफसरों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि एसआईआर में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फर्जी वोटरों के नाम हटवाने और सही वोटरों को जोड़ने का काम समय पर करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एसआईआर में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पार्टी के जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता टोलियां बनाकर घर-घर जनसंपर्क करें। फर्जी वोटरों के नाम हटवाएं और सही वोटरों को जोड़ने का काम करें।योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद के सर्किट हाउस में सोमवार दोपहर

एसआईआर को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान मंडल के जिला प्रभारियों और जिलाध्यक्षों ने विकास की योजनाओं और एसआईआर की प्रगति के बारे में जानकारी दी।मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता के लिए एसआईआर गंभीर मुद्दा है। पार्टी के बीएलओ -1, बीएलओ -2 का सहयोग करें। बांग्लादेशी घुसपैठिये किसी कीमत पर वोटर नहीं बनने चाहिए। पार्टी के जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी लापरवाहीं न बरतें। मतदाता सूची 2003 के अनुसार मृत और फर्जी वोटरों के नाम कटवाएं। इसके लिए पार्टी के पदाधिकारियों को कार्यकर्ताओं के साथ टोली बनाकर घर घर जनसंपर्क करना होगा। इसके साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी लें। विकास की योजनाएं कहां तक पहुंची है। अगले साल पंचायत चुनाव और उसके बाद विधानसभा चुनाव आएंगे। इस कारण पार्टी की तैयारी मजबूत रहनी चाहिए। रेड कारपेट बिछी रही,नहीं गए मुख्यमंत्री- नगर निगम ने मुख्यमंत्री को निर्माणाधीन वार मेमोरियल दिखाने के लिए पूरा इंतजाम किया था। रेड कारपेट बिछाए गए थे लेकिन किसी कारणों के वजह से मुख्यमंत्री वहां नहीं गए। रेड कारपेट और सारे इंतजाम धरे के धरे रह गए।

राजकोट में जेल से रिहा हुए किसानों से मिले केजरीवाल, भाजपा पर झूठे मुकदमों का आरोप

आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को गुजरात के राजकोट में उन किसानों से मुलाकात की, जिन्हें विरोध प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लेकर जेल भेजा गया था। केजरीवाल ने भाजपा सरकार पर झूठे मुकदमे दर्ज कर किसानों की आवाज दबाने का आरोप लगाया और रिहा हुए किसानों को सम्मानित करते हुए कहा कि,क्क उनके हक की लड़ाई में पूरी तरह साथ खड़ी हैआम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को गुजरात में किसान आंदोलन से जुड़े परिवारों से मुलाकात की। राजकोट पहुंचे केजरीवाल ने जेल से रिहा हुए किसानों से आमने-सामने बातचीत की और उन्हें सम्मानित करते हुए उनके संघर्ष को सलाम किया। उन्होंने आरोप लगाया है कि भाजपा शासित राज्य में

88 किसानों को, जो सिर्फ अपने हक मांगने के लिए सड़कों पर आए थे, झूठे मुकदमों में फंसा कर जेल भेजा गया, उनके परिवारों को परेशान किया गया।गांधी जी ने अंग्रेज़ों को खदेड़ने के लिए 'अंग्रेज़ों भारत छोड़ो' आंदोलन शुरू किया था और अब हड़दड़ का आंदोलन 'भाजपा गुजरात छोड़ो' आंदोलन साबित होने वाला है।केजरीवाल ने आगे कहा कि मैं आपका छोटा भाई बनकर आपसे मिलने आया हूं और आपको भरोसा दिलाता हूं कि पूरी आम आदमी पार्टी आपके साथ खड़ी है और हम गुजरात से भाजपा को भगाकर ही दम लेंगे।

वंदे मातरम पर चर्चाः अखिलेश ने सरकार को घेरा, कहा- कुछ लोग बांटने का रास्ता अपना रहे, आजादी के बाद तिरंगा...

लोकसभा में वंदे मातरम पर चर्चा के दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्ता पक्ष पर जमकर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने कहा कि सत्ता पक्ष हर चीज पर अपना अधिकार करना चाहता है। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रवाद पर भी सवाल उठाए।लोकसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम पर चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्ता पक्ष पर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि जिस तरह से अंग्रेजों ने लोगों को बांटकर भारत पर राज किया, उसी तरह से सत्ता पक्ष लोगों को बांटकर, मतभेद पैदा कर सत्ता में बने रहना चाहता है। अखिलेश यादव का तंज- सत्ता पक्ष हर चीज पर अपना अधिकार करना चाहता है अखिलेश यादव ने लोकसभा में वंदे मातरम गीत पर चर्चा के दौरान कहा, %हमारे सत्ता पक्ष के लोग हर चीज पर अपना अधिकार जमाना चाहते हैं। जो महापुरुष उनके नहीं है, उन्हें भी वो अपना बताते हैं।

भाजपा का जब गठन हो रहा था, उस इस बात पर बहस हुई थी कि भाजपा सेक्युलर रास्ते पर जाएगी या नहीं। उस वक्त के अध्यक्ष ने समाजवाद और सेक्युलर रास्ता अपनाया। अखिलेश यादव ने कहा, वंदे मातरम सिर्फ गाने के लिए नहीं है बल्कि निभाने के लिए भी होना चाहिए। जिस वंदे मातरम ने सभी को जोड़ा आज के दरारवादी लोग उसी से देश को तोड़ना चाहते हैं। ऐसे लोगों ने पहले भी देश के साथ दगा किया। वंदे मातरम कोई राजनीति का विषय नहीं है। सत्ता पक्ष की बातों से लगता है कि वंदे मातरम उन्होंने ही लिखवाया है। जिस पार्टी ने देश की आजादी में भाग नहीं लिया, वो वंदे मातरम का महत्व क्या जानेंगे। असल में ये राष्ट्रवादी नहीं, राष्ट्रविवादी लोग हैं। जैसे अंग्रेज लोगों को बांटकर राज करते थे, वैसे ही आज कुछ लोग बंटवारे का रास्ता अपना रहे हैं। उत्तर प्रदेश में प्राइमरी स्कूल बंद किए जा रहे

अखिलेश यादव ने कहा, वंदे मातरम केवल गीत नहीं है, ये हमें ऊर्जा भी देता है। ये एकजुटता का नारा था और लोगों ने जाति-धर्म को भुलाकर अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी। आज जब हम इस पर चर्चा कर रहे हैं तो सवाल उठता है कि हम कैसा देश बनाना चाहते हैं और इसे किस दिशा में लेकर जा रहे हैं। देश में जब अंग्रेजों का शासन था, तब वंदे मातरम गाने पर बच्चों पर मुकदमे लिखे गए। आज जब हम आजाद हैं तो यूपी में प्राइमरी स्कूल बंद किए जा रहे हैं और स्कूल जाने वाले बच्चों और पढ़ाने वालों पर मुकदमे किए जा रहे हैं।

जितने साल से मोदी पीएम, उतने साल नेहरू जेल में रहे ; संसद में बोलीं प्रियंका गांधी

लोकसभा में वंदे मातरम पर हुई बहस के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यह चर्चा जनता के असली मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए कराई गई है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम 150 साल से देश की आत्मा का हिस्सा है, इसलिए अब बहस की जरूरत नहीं थी।केरल की वायनाड सीट से चुनकर लोकसभा पहुंचीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भी वंदे मातरम पर चर्चा में भाग लिया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि संसद में इस समय ये चर्चा इसलिए कराई गई, क्योंकि आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। प्रियंका गांधी ने संसद में आगे कहा कि वंदे मातरम केवल भावना नहीं, बल्कि देश की आजादी की लड़ाई की ताकत और नैतिकता का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि इस गीत ने ब्रिटिश साम्राज्य को भी झुकने पर मजबूर किया था। प्रियंका ने कहा कि वंदे मातरम नाम लेते ही स्वतंत्रता संग्राम की यादें और उसका साहस सामने आ जाता है। उन्होंने आगे कहा कि 1930 के दशक में सांप्रदायिक की

राजनीति उभरी तब ये गीत विवादित होने लगा। उन्होंने आगे कहा कि 1937 में नेताजी कोलकाता में कांग्रेस अधिवेशन का आयोजन कर रहे थे। 20 अक्तूबर का लेटर उन्होंने सुनाया, लेकिन इससे पहले उन्होंने नेहरू को एक चिट्ठी लिखी थी, इसका पीएम मोदी ने जिक्र नहीं किया।हम देश के लिए हैं, आप चुनाव के लिए हैं- प्रियंका गांधी- प्रियंका ने कहा कि हम देश के लिए हैं, आप चुनाव के लिए हैं। 17 अक्तूबर को चिट्ठी के जवाब में नेहरू ने 20 अक्तूबर की चिट्ठी में लिखा- मैंने तय किया है कि मैं 25 अक्तूबर कोलकाता आऊंगा, टैगोर से मिलूंगा। 28 अक्तूबर को कांग्रेस ने वंदे मातरम् को राष्ट्रगीत घोषित किया। इस कार्यसमिति की बैठक में सभी महापुरुष मौजूद थे। सभी इस प्रस्ताव से खुश थे। सहमत थे। वंदे मातरम पर बहस की जरूरत क्यों?

प्रियंका गांधी का सवाल- संसद में वंदे मातरम पर हो रही बहस के बीच कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सवाल उठाया कि आखिर इसकी जरूरत क्या थी। उन्होंने कहा कि यह गीत 150 साल से देश की आत्मा का हिस्सा रहा है और 75 साल से आज़ाद भारत में जनता के दिलों में बसता आया है। प्रियंका ने पूछा कि आज इस पर बहस कर सरकार क्या साबित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष को जनता की जिम्मेदारियों पर ध्यान देना चाहिए, न कि ऐसे मुद्दों पर विवाद खड़ा करना चाहिए। मोदी जितने साल से पीएम हैं, उतने साल तो नेहरू ने जेल में बिताए- कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा में वंदे मातरम पर चल रही बहस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला बोला। भीमराव आंबेडकर जैसे महान नेताओं का अपमान है। प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री 12 साल से देश चला रहे हैं, और यह वही अवधि है जितने साल पंडित नेहरू ने आज़ादी की लड़ाई में जेल में बिताए थे।प्रियंका गांधी ने कहा कि पंडित नेहरू ने 12 साल जेल में रहने के बाद देश का 17 साल तक नेतृत्व किया था।

संपादकीय Editorial

The Crocodile in the Mahakumbh

The winter session witnessed many Mahakumbhs and many crocodiles. Some were angry, others lost their kohl. For the first time, enthusiasm was seen beyond borders, but what about Tapovan, now it has become a revolution. Needless to say, the condition of the common man has deteriorated in current politics. The character of the House has been brought to the streets, or rather, the streets have now reached the House. This is because outside the House there were placards of the ruling party and the opposition, the only difference being that both were facing each other. What kind of confrontation did Leader of the Opposition and former Chief Minister Jai Ram Thakur have with Revenue Minister Jagat Singh Negi that changed the etiquette of the House? What did a political science student achieve, or what complaint did the state have that made the Zorawar Stadium outside the House resonate. In this Geetanjali of anger, new songs and slogans at Zorawar Stadium show that if the BJP decides to act, it knows how to build a caravan.

The BJP has pinched the three-year rule of the Congress party, dividing its power and its land. They have the palace of power in front of us, and here we have lit lamps. The opposition has plenty of fuel, and this rally proved it. The BJP brought together the family under a common roof, bringing together all the faces who need to build their image in the face of the next election. Call it a Mahakumbh of criticism, because Bihar's victory at the national level has begun to tickle the party.

Kangana Ranaut from Mandi may have been present in Parliament, but all the other MPs from the state continued to demonstrate their participation in the opposition's opposition. There were mountains of personalities, oceans of existence, and the state's hopes adorning the court. Despite this, we cannot name a single BJP leader. The hearing was for the Sukhu government, so the Leader of the Opposition kept criticizing every action of the ruling Congress party. All controversies aside, the issue of chicken versus lentils on the other side. In the excitement of the rally, the BJP's call to arms was heard, and the samosa's leg jumped.

When the strength of Dr. Rajiv Bindal's organization swelled in the packed stadium, the sloganeers' voices reached fever pitch. Numerous issues were mobilized, and the political waters were full, so the BJP kept its intention of criticizing the BJP. Women were the dominant force there, so the guarantees were met with demands for a right of fifteen hundred rupees. Beyond the BJP's wasteful criticism, the question is how much enthusiasm the Congress, under the leadership of its new state president, can muster against the BJP. At the proposed rally in Mandi, it's time to summarize its three years in power and its resolve to continue its mission repeat for the next two years. The BJP has filled its hands with questions both inside and outside the Assembly. One case, "Voice of Democracy," and the other, "Voice of the People," are asking numerous questions. The opposition's gathering has reached outside the House, and now it remains to be seen how long the Congress soldiers will last. Clearly, this wasn't just the Assembly's winter session; every moment, so close to the Tapovan complex, was an opportunity to speak out. It is an enhancement to the democratic image of Himachal that here the opposition, by taking out the debt of the state's soil before the ruling party, asks how much debt will you repay, how much duty will you fulfill as a government.

Unprepared decisions increased public inconvenience, and the DGCA appeared incompetent.

Passengers were inconvenienced by the cancellation of IndiGo flights due to unprepared regulations. The DGCA was forced to withdraw its decision regarding pilot rest and landing limits. The question is why IndiGo failed to comply with the new regulations, while other airlines were able to. Those responsible for this situation must be held accountable. IndiGo flights cancelled, passengers upset - DGCA reverses decision - why were rules not followed? The adverse consequences of implementing a correct decision without proper preparation are exemplified by the cancellation of

hundreds of flights by IndiGo, the largest domestic airline, over the past several days, causing inconvenience to a large number of passengers. Given the inconvenience caused to air passengers, the Directorate General of Civil Aviation (DGCA) was forced to withdraw its decision, which was essential for safe air travel. This decision increased the weekly rest period for pilots from 36 to 48 hours, and reduced the night landing limit from six to two. Since this decision was in line with international standards, the DGCA should have ensured that all airlines were prepared to comply. There are good reasons to believe that the DGCA failed to monitor whether IndiGo had made the necessary preparations to comply with the new regulations.

Why shouldn't the DGCA have checked whether IndiGo would have sufficient pilots to operate its flights if the new regulations were implemented? Either the DGCA didn't bother to check, or IndiGo management kept it in the dark. Whatever the circumstances, the apparent helplessness and incompetence of a major regulatory body is not a good sign.

The crisis faced by air travelers raises serious questions about the efficiency and vigilance of the DGCA as well as the Ministry of Civil Aviation. It is essential not only to answer these questions, but also to hold those responsible for the unpleasant situation that arose accountable.

In this regard, it must be investigated that if other airlines were able to comply with the DGCA's new regulations, why couldn't IndiGo? Could it be because it had no intention of doing so? It should be asked why it didn't hire additional pilots to comply with the new regulations? After all, the new regulations weren't implemented overnight. It is not satisfactory that IndiGo management expressed regret for the inconvenience caused to passengers, because it deliberately caused inconvenience. If the DGCA had to reverse its decision, it was due to circumstances that IndiGo deliberately created. After all, what could be worse than a company being able to pressure the regulatory body itself?

A report on MSMEs reveals the burden of unnecessary regulations and compliances.

A recent report highlights the burden of regulations and compliances on MSMEs, requiring an entity to meet 1,456 compliances annually. The RBI has reduced its regulatory scope by 97%. The Gauba Committee has suggested reforms to licensing and inspection systems, which will promote economic freedom and innovation. MSMEs are burdened with 1,456 compliances. RBI reduces regulations by 97%. Gauba Committee's reform recommendations. India has long been one of the world's fastest-growing economies. Despite this rapid growth, many experts believe that the Indian economy is still underperforming its potential. This means that the Indian economy is capable of growing even faster, but there are some obstacles in the way. One such obstacle is the burden of regulations and compliances.

A recent report titled "Examining Compliances for MSME Manufacturing in India" highlights this. According to this, MSMEs operating in a state have to meet approximately 1,456 compliance criteria annually. Of these, 998 are extremely stringent. They must obtain more than 70 permissions per year, maintain approximately 48 statutory registers, and prepare for approximately 59 different inspections. As if this isn't enough, 9,321 regulatory amendments were made during the financial year 2024-25. These changes will impact approximately 65 million MSMEs operating in the country. This will increase their compliance costs. The annual burden on each unit increases by ?13 to 17 lakh. This is a significant burden on small enterprises with already limited resources. Remember, these enterprises, which account for 30 percent of GDP, are also major sources of employment generation. On November 28th, the Reserve Bank of India took an extraordinary initiative to address these regulatory challenges. It has voluntarily reduced its regulatory scope by 97 percent. This signals a profound policy shift. It would be incorrect to suggest that a high-level committee of the NITI Aayog played a role in this change. The Reserve Bank's move is the result of its own internal review and regulatory streamlining efforts.

As for the committee chaired by former Cabinet Secretary Rajiv Gauba in the NITI Aayog, it focuses on reforms related to non-financial regulations such as licenses, permits, inspection systems, and compliance burdens. The Gauba-led committee has proposed a regulatory system that promotes trust and transparency. It aims to eliminate the need for regular licenses and NOCs, shift inspections to accredited third parties, and ensure that each regulation considers the compliance costs and burdensome assessment of its implementation. The underlying principle is that regulations should be designed to provide protection rather than create administrative hurdles. Regulatory reforms form the basis for improving economic performance. This reduces financial burdens for management and saves time and resources. Stability and predictability in regulations create a better investment landscape. This is crucial for sectors like semiconductors and renewable energy, where the payback period is relatively long. Easier regulations also encourage the organization and formalization of economic activities.

Considering the Gauba Committee's recommendations in this regard, it prioritizes economic freedom. According to it, licenses and permissions should be limited to sensitive areas. Regulatory matters, such as national security, environmental risks, and public health threats, should be the only ones covered by the regulations. This recommendation changes the current system where enterprises and entrepreneurs must undergo examinations before operations. Even if licenses are required, they should be permanent. If there are no inherent risks, renewal should not be required. The Committee's recommendations emphasize the elimination of the "inspection raj," entrusting inspections to a third party, or a neutral body. This will reduce conflicts of interest. Technology-based inspections also reduce human intervention.

A good regulatory system is one that provides stability to the state. To this end, irregularity in regulatory amendments is not appropriate. Instead of making them at regular intervals, it would be appropriate to do so once or twice a year. There should also be scope for review and suggestions at the regulatory level. A Regulatory Impact Assessment (RIA) is equally important before implementing each rule. While this will reduce compliance costs for industrial units, it will also facilitate enforcement costs at the government level. Existing rules should also be reviewed in a phased manner to eliminate any duplication. While adherence to rules is essential for any system, unnecessary and unreasonable penalties also cause more harm. For example, providing some relief in terms of penalties for filing delays, clerical errors, and technical flaws would not be wrong. There are 486 such sections for MSMEs in India.

सीएम योगी अंदर कर रहे थे बैठक, बाहर महिलाओं ने काटा हंगामा, छेड़खानी केस में पुलिस पर गंभीर आरोप

छेड़खानी के मामले में कार्रवाई नहीं करने से नाराज महिलाओं ने जमकर हंगामा काटा। जिस समय

यह हंगामा हुआ उस दौरान सीएम योगी सर्किट हाउस के अंदर बैठक कर रहे थे। सीएम योगी आदित्यनाथ के मुरादाबाद आगमन के दौरान सोमवार को भोजपुर थाना क्षेत्र की महिलाओं ने जमकर हंगामा काटा। किशोरी से छेड़छाड़ और शिकायत करने पर परिजनों से मारपीट करने के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज महिलाओं ने न्याय की गुहार लगाई।आरोप है कि एफआईआर दर्ज होने के बावजूद पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। भोजपुर क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी ने आरोप लगाया था कि 16 अक्टूबर को घर में अकेली होने पर पड़ोस के कुछ युवकों ने उसके साथ छेड़छाड़ की थी। विरोध करने पर धमकी देकर भाग गए।परिजनों ने जब आरोपियों के घरवालों से शिकायत की तो उनके साथ मारपीट की गई। इस घटना में 27 नवंबर को 10 नामजद सहित कुछ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया था। परिजनों का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया। सोमवार को सीएम योगी आदित्यनाथ के सर्किट हाउस पहुंचने पर किशोरी के परिवार की महिलाएं गेट पर एकत्र हो गईं। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामे के दौरान किशोरी की मां और एक अन्य महिला गश खाकर सड़क पर लेट गईं। मौके पर मौजूद पुलिस ने दोनों को उठाकर महिला थाने भिजवाया। बाद में अन्य महिलाओं को भी समझाकर वहां से हटाया गया। पुलिस ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

संजय सिंह बोले...बिहार के बाद यूपी में एसआईआर से वोट काटने की साजिश

रामपुर । एसआईआर मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद रविवार को आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ज्वालानगर स्थित नूर जहां के घर पहुंचे और उनकी बात सुनी। उन्होंने सांसद ने कुवैत में रह रहे उनके बेटे आमिर और दानिश से फोन पर बात की। सांसद ने कहा कि बिहार के बाद यूपी में एसआईआर के बहाने वोट काटने की साजिश है। उन्होंने कहा कि

वह इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे। कहा कि सरकार लोकतंत्र का गला घोट रही है। वोटों पर डकैती डाल रही है। कहा कि एसआईआर का मखौल उड़ाया जा रहा है। एक बूढ़ी महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो गई। महिला ने विदेश में रह रहे बेटे का एसआईआर फार्म भर दिया। कहा कि नियम में है कि कोई भी प्रवासी भारतीय भारत का मतदाता बन सकता है। परिवार का कोई सदस्य एसआईआर फार्म पर हस्ताक्षर कर सकता है। हस्ताक्षर कर उन्होंने लिख दिया माता। कहा कि एसआईआर के तहत बिहार में जो घोटाला हुआ है वहीं किया जा रहा है। मुसलमान, यादव, पासी और वर्मा के वोट काटे जा रहे हैं। कहा कि कोई महिला को गिरफ्तार करने आता है तो आप के कार्यकर्ताओं समेत वह भी गिरफ्तारी देंगे। सांसद ने कहा कि कोई प्रवासी भारतीय अपने देश में मतदाता हो सकता है। कुवैत में रह रहे दानिश और आमिर की मां का नाम एसआईआर फार्म में दर्ज है। प्रशासन ने उन लोगों के खिलाफ गलत तरीके से मुकदमा दर्ज कराया है। वह इस मामले को संसद में उठाएंगे और दुनिया को बताएंगे कि किस तरह वोटों की डकैती की जा रही है। जबकि संविधान भी विदेशों में रहे भारतीयों को भारत का मतदाता होने पर कोई रोक नहीं लगाता है। सांसद ने नूरजहां को भरोसा दिलाया कि वह उनको इंसाफ दिलाएंगे। इस मौके पर आप नेता फैसल लाला, सभासद फहीम अंसारी, आरिफ सिकंदर, राजू, हबीब अहमद, गुड्डू महफूज, यासीन गुड्डू, मोहम्मद जफर, सरफराज गुड्डू समेत काफी लोग मौजूद रहे।

रैन बसेरा न ही जल रहे अलाव, खुले में सर्द रातें काट रहे मुसाफिर

अमरोहा । ठंड अपना असर दिखाने लगी है। अधिकतम तापमान 22 डिग्री तो न्यूनतम पारा 10 डिग्री तक पहुंचने लगा है। रातें सर्द होने लगी हैं, लेकिन जिम्मेदार अब तक रैन बसेरे का इंतजाम नहीं कर पाए। बाहर से आने वाले मुसाफिरों को हकीकत सामने आई। जिले में अस्थायी रैन बसेरे जाती है, लेकिन इस बार नवंबर बीत गया है, व्यवस्थित इंतजाम नहीं है। दूरदराज से आने वाले पड़ रहा है। रोडवेज और रेलवे स्टेशन पर राहगीर व रोडवेज पर रात को कंबल के सहारे रात सर्द हवाएं रात में कई बार जगने को मजबूर कर पालिका द्वारा रोडवेज के पीछे महिला और पुरुषों व्यवस्था कुछ ठीक नहीं है। शहर में अभी तक जा रही है। ठिठुरन बढ़ने से जनजीवन अस्त किया गया है। रविवार सुबह आसमान में घना दिए। चालकों को वाहनों की हेडलाइट जलानी राहत की सांस ली। गौरतलब है कि दिसंबर के दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे के अलावा अन्य

इधर-उधर रात काटनी पड़ रही है। रविवार को पड़ताल में के लिए हर साल नवंबर की शुरूआत में ही प्रक्रिया शुरू हो दिसंबर के एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी रैन बसेरों में कोई लोगों को रात गुजारने में काफी मुश्किलों का सामना करना अपने स्तर से व्यवस्थाएं करके रात गुजार रहे हैं। रेलवे स्टेशन गुजारते लोग देखे जा सकते हैं।नीचे से फर्श ठंडी और ऊपर से देती हैं। कई जगहो पर तो रैन बसेरे चलते हुए नहीं मिले। नगर के लिए अलग रुकने की व्यवस्था कराती है। लेकिन वहां भी नहीं बना रैन-बसेरा- कोहरे की घनी चादर के साथ ठंड बढ़ती व्यस्त होने लगा है। इस बीच रैन बसेरों का कोई इंतजाम नहीं कोहरा छाया रहा। ठंडी हवा चलने पर लोग ठिठुरते दिखाई पड़ी। धूप निकलने के बाद कोहरा छंटने पर वाहन चालकों ने पहले सप्ताह में ही मौसम ने करवट बदली है। कोहरा छाने से सड़कों पर यातायात प्रभावित हो रहा है। वहीं शाम के बाद बाहर से आने वाले लोग और बसों, टैक्सियों से उतरने वाले यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। रैन बसेरे की कोई व्यवस्था अभी तक नहीं की गई है। फुटपाथ पर सो रहे बेसहारा लोग भी ठंड में ठिठुर रहे हैं। ईओ ललित कुमार आर्य ने बताया कि रैन बसेरे की सभी तैयारियां पूरी हैं। शासन से आदेश मिलते ही संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

अस्पताल में महिला के शव से कर दिए लाखों के जेवर गायब, सीसीटीवी से खुली स्टाफ की शर्मनाक हरकत

मुरादाबाद। सिविल लाइंस के एक अस्पताल इलाज के दौरान एक महिला की मृत्यु के बाद उसके गले से सोने का मंगलसूत्र, चेन और हीरे का पेंडल गायब होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने स्टाफ पर आभूषण चोरी का गंभीर आरोप लगाते है। पुलिस सीसीटीवी की फुटेज आरोपी को से उसे जेल भेज दिया।अधिवक्ता संदीप भटनागर रविवार को उनकी बुआ सरोज भटनागर को हार्ट एक अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल पर लिटाकर पर्दा कर दिया और कुछ देर बाद लेकर पहुंचे तो मृतका के गले में पहना हुआ गायब मिले। तभी उन्होंने अपने भाई अक्षत और लेकिन स्टाफ ने स्पष्ट रूप से कहा कि उनके गले द्वारा आभूषण चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस लाइन कोतवाली मनीष सक्सेना ने बताया कि

हुए थाना सिविल लाइंस में मुकदमा दर्ज कराया अस्पताल से पकड़ कर कोर्ट में पेश किया जहां ने सिविल लाइन थाने दी तहरीर में बताया कि अटैक आया था। उन्हें गंभीर हालत में शहर के कर्मचारियों ने उन्हें बेहोशी की हालत में स्ट्रेचर बताया कि मौत हो गई है। परिजन जब शव घर मंगलसूत्र, सोने की चेन और हीरे का पेंडल विनय भटनागर को तत्काल अस्पताल भेजा, में कोई आभूषण नहीं था। संदीप ने कर्मचारियों को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक सिविल तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने अस्पताल में जाकर सीसीटीवी फुटेज से आरोपी कर्मचारी अजय कुमार पुत्र परमेश्वर निवासी नवाबपुरा थाना मूंढापांडे जनपद मुरादाबाद को पकड़ लिया और चोरी आभूषण बरामद कर लिए हैं।

जिले में फल-फूल रहा ई-रिक्शा चार्जिंग का अवैध धंधा, कनेक्शन दो किलोवाट मगर चार्जिंग 24 घंटे

मुरादाबाद। जिले में बिजली विभाग के जेई और लाइनमैन की मिलीभगत से ई-रिक्शा बैटरी चार्जिंग का अवैध कारोबार चरम पर है। दो किलोवाट के घरेलू कनेक्शन लेकर 24 घंटे लगातार बैटरी चार्जिंग की जा रही है, जबकि इतना भारी लोड धोखा देकर चल रहे इन चार्जिंग कारखानों ने कई का आरोप है कि साइड से कटिया डालकर रिक्शा नबाबपुरा, चक्कर की मिलक और असालतपुरा अवैध पुलिस और छड़ियों वाले मैदान के बीच चार से पांच मिलक बढ़ई वाली में डी आई जी कार्यालय से आगे रिक्शा चार्जिंग की बड़ी-बड़ी यूनिटें चल रही हैं। है,लेकिन मशीनें और चार्जिंग बोर्ड 10-15 किलोवाट की जानकारी विभागीय कर्मचारियों को पहले से किसी पर कार्रवाई।इन मोहल्लों में पिछले कई महीनों

सामान्य कनेक्शन पर बिल्कुल भी अनुमन्य नहीं है। विभाग को मोहल्लों को फॉल्ट और ओवरलोडिंग का बड़ा कारण बने है। लोगों चार्जिंग करने का कारोबार चल रहा है। रविवार को इन मोहल्ले चार्जिंग के सबसे बड़े ठिकाने देखने को मिले।नबाबपुरा,घोसियों की ठिकाने ई रिक्शा चार्जिंग अवैध रूप से संचालित है। चक्कर की दो चार्जिंग कारखाने और असालतपुरा क्षेत्रों में कई जगहों पर ई- इनमें से ज्यादातर के पास घरेलू या दो किलोवाट का कनेक्शन तक बिजली खींचते हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि इन कारखानों होती है, लेकिन सांठगांठ के कारण न तो जांच होती है और न ही से बार-बार फाल्ट होने की स्थिति बनी हुई है। ट्रांसफॉर्मर गरम होना,लाइनों का ट्रिप होना जैसी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। लगातार ओवरलोडिंग का दबाव झेल रही लाइनों में फॉल्ट आम हो गए हैं। कई बार तो सुबह से लेकर दोपहर तक या देर रात से सुबह तक बिजली पूरी तरह गायब रहती है। मुख्य अभियंता विद्युत वितरण खंड मुरादाबाद अशोक कुमार चौरासिया ने बताया कि जल्द ही महानगर में चल रहे ई रिक्शा चार्जिंग के ठिकानों पर छापेमारी कार्रवाई की जाएगी। जो कर्मचारी इसमें लिप्त मिला उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

कांठ में तेंदुए का जोड़ा दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत

कांठ, । तहसील क्षेत्र के गांव मुख्तियारपुर नवादा के पास स्वामी चमन ऋषि महाराज के आश्रम के पास तेंदुए का जोड़ा दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई है। मुख्यत्यारपुर



नवादा से जा रही रसूलपुर मार्ग पर नहर के समीप अधिकांश स्वामी चमन ऋषि महाराज के आश्रम पर तेंदुए का जोड़ा दिखाई देता है। अनेक ग्रामीण बहुत तेंदुए को देख चुके हैं। किसान काफी भयभीत हैं और अपने खेतों में जाते हुए भी डर रहे हैं। खेतों में तेंदुए के पंजों के निशान भी किसानों को देखने को मिले हैं। अमरोहा रेलवे फाटक की मरम्मत के चलते यह मार्ग अत्यंत व्यस्त हो गया है।स्कूली बच्चे भी इधर से आज आवागमन करते हैं। कुछ जागरूक लोगों ने आश्रम में तेंदुए की वीडियो भी बनाई है। अनेक ग्रामीण वन विभाग से तेंदुए को पकड़वाये जाने की मांग कर रहे हैं।

रेत से भरे डंपर ने कार को मारी टक्कर, दो की मौत

टांडा। दढ़ियाल क्षेत्र में रेत से भरे डंपर ने कार को टक्कर मार दी। इससे कार में सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि उनका साथी घायल हो गया। हादसे के बाद डंपर गड्ढे में पलट गया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। इस बीच चालक मौके से भाग गया। पुलिस को तहरीर दी गई है। परिजनों का आरोप है कि एआरटीओ की चेकिंग से घबराकर चालक ने डंपर को दौड़ा दिया और अनियंत्रित होकर कार में टक्कर मार दी, जबकि एआरटीओ ने चेकिंग की बात से ही इन्कार किया है।यह हादसा शनिवार की रात 11 बजे सरकथल गांव के पास हुआ। गांव के पास तेज गति से आते डंपर ने कार में टक्कर मार दी। जिससे कार में सवार टंडोला निवासी कार चालक असद (24) की मौके पर ही मौत हो गई। उनका साथी शाहनूर व मुस्तकीम घायल हो गए। हादसे के बाद डंपर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। हादसे के बाद शाहनू (24) को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।परिजनों का कहना है कि शाहनूर और घायल मुस्तकीम दोनों दोस्त है और इनका एक दूसरा दोस्त अरमान नागालैंड में कार्य करता है। वह वहां बीमार हो गया था, जिसे लेने के लिए दोनों पहले दिल्ली ओर वहां से नागालैंड जाने वाले थे। लेकिन, इससे पहले ही हादसा हो गया। शाहनूर चार भाइयों में से एक था और केरल में हेयर कटिंग का काम करता था। उसका बड़ा भाई शाहनवाज सऊदी अरब में इसी पेशे से जुड़ा है। असद तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और टैक्सी चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके पिता और भाई सऊदी अरब में कार्यरत हैं, जबकि परिवार में तीन बहनें हैं। परिजनों का आरोप है कि एआरटीओ की सघन चेकिंग के दौरान खनन वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। चेकिंग से बचने के लिए वाहन जल्दबाजी में तेज रफ्तार से दौड़ाए जाने लगे। इसी दौरान एआरटीओ ने वाहन का पीछा किए जाने से हालात और बिगड़ गए और हादसा हो गया। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। देर शाम दोनों का दफन कर दिया गया। थानाध्यक्ष संदीप मिश्रा ने बताया कि अभी इस मामले की तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है,जबकि चालक मौके से फरार हो गया है। शनिवार रात दढ़ियाल क्षेत्र में खनन से लदी किसी भी गाड़ी की चेकिंग परिवहन विभाग द्वारा नहीं की गई थी। यदि किसी को कुछ शक है तो वह सीसीटीटी फुटेज भी चेक करा सकते हैं।-राजेश श्रीवास्तव एआरटीओ

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला व्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

शौचालय के टैंक में डूबने से मासूम की मौत

क्यूँ न लिखूँ सच / बीसलपुर-पीलीभीत (एसएनबी)। पड़ोस के मकान में बन रहे शौचालय के टैंक में गिरने से मासूम की मौत हो गई सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया । अचानक हुए इस हादसे से पूरा परिवार सदमे में आ गया आग की तरह फैली खबर से मासूम के घर के बाहर देखने वालों का मेला लग गया। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत दियोहना के गाँव पिपरैया निवासी विनोद कुमार का 6 वर्षीय पुत्र सूर्यांश दोपहर 12 बजे के लगभग घर से बाहर खेलने निकला था वह अपने ही घर के पड़ोस में बन रहे टैंक में किसी प्रकार पहुंच गया वहां निर्माणधीन मकान में शौचालय के लिये बने पानी से भरे लगभग 4 फिट गहरे टैंक में किसी प्रकार गिर गया। एक घन्टे के बाद बच्चे को ढूंढा गया तो पानी मे डूबा हुआ पाया जिसे पीरिजन जीवन की उम्मीद में एक निजी चिकित्सक के पास इलाज के लिए ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम का शव वापस घर पहुचने पर घर मे कोहराम मच गया। मृतक मासूम के पिता काफी समय से जेल में हैं दादा ईश्वरी प्रसाद गाँव में एक मंदिर के पुजारी हैं। मासूम की मौत की खबर सुनकर ग्रामीणों की काफी भीड़ एकत्र हो गयी। वहीं परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं रिदम 2025 का हुआ शुभारंभ

एकल गायन और कार्टूनिंग की हुई प्रतियोगिताएं

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली के विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा आज दिनांक 8 दिसंबर से 12 दिसंबर तक वार्षिक सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की श्रृंखला रिदम 2025 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। आज दिनांक 8 दिसंबर को एकल गायन तथा कार्टूनिंग की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने शास्त्रीय संगीत से लेकर लोक संगीत की विविध विधाओं में अपनी कला का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।निर्णायक मंडल में डॉ.ज्योति पाण्डेय, डॉ.इंद्रप्रीत कौर, डॉ.रीना पंत और डॉ.सौरभ वर्मा रहे । निर्णायकों द्वारा प्रतियोगियों की कलात्मक और संगीतकमक क्षमताओं का मूल्यांकन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन माननीय कुलपति प्रो. के.पी. सिंह जी के संरक्षण में हुआ। रिदम 2025 के आगाज ने कैंपस में ऊर्जा, उत्साह, और सांस्कृतिक रंगों का सुंदर माहौल बना दिया। कार्यक्रम के आयोजन में कुलसचिव श्री हरीश चंद,सांस्कृतिक समन्वयक डॉ.ज्योति पाण्डेय ,डॉ. इंद्रप्रीत कौर ,डॉ. सौरभ वर्मा ,डॉ.रीना पंत, डॉ.अतुल कटिहार, मीडिया सेल से डॉ.अमित कुमार सिंह, श्री तपन वर्मा तथा कल्चरल क्लब से पंखुड़ी कंचन , मेधावी वर्मा, दीपांशी , तनिष्का, पीयूष पाल, महक , मुमताज़, कविता, शिवम् गंगवार ,शौर्य,अपूर्वा भव्या शर्मा, शिवम पटेल, आलमीन नक़वी,आन्या शुक्ला, कृशांगी, ऋषभ आदि का सहयोग रहा।

एक्सप्रेस-वे से जोड़ने को बरेली-मथुरा हाईवे के लिए भूमि अर्जन कार्य 50 प्रतिशत पूरा

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। गंगा एक्सप्रेस-वे से बरेली को जोड़ने के लिए बरेली-मथुरा हाईवे के अंतर्गत बरेली सीमा में फोरलेन हाईवे निर्माण करने की कवायद तेज हो गयी है। बदायूं की सीमा से लेकर चौबारी तक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-530बी फोरलेन निर्माण के लिए 21 गांवों के हजारों किसानों की भूमि अर्जन करने की कार्रवाई युद्ध स्तर पर चल रही है। करीब 35.2759 हेक्टेयर भूमि में से 50 प्रतिशत भूमि अर्जन करने के लिए किसानों के खाते में रकम भेजी जा चुकी है। विशेष भूमि अध्याप्ति कार्यालय किसानों को अर्जन भूमि का मुआवजा दिलाने के लिए तेजी से फाइलें पास करा रहा है। विशेष भूमि अध्याप्ति कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि धारा थ्री-डी की कार्रवाई के बाद फोरलेन हाईवे के लिए 21 गांवों की भूमि अर्जन की जा रही है। उन्होंने बताया कि कैमुआ की निजी भूमि 0.0540 हेक्टेयर, अखा मुस्तकिल की 0.1689 हेक्टेयर निजी व 0.0190 हेक्टेयर सरकारी भूमि, नितोई की 0.2106 हेक्टेयर भूमि, हिम्मतपुर ताहरपुर की 2.7244 हेक्टेयर, खेड़ा की 1.8979 हेक्टेयर निजी व 0.0304 हेक्टेयर सरकारी भूमि, भमौरा की 5.8891 हेक्टेयर निजी व 0.4140 हेक्टेयर सरकारी भूमि, नकटपुर की 1.3706 हेक्टेयर निजी व 0.2192 हेक्टेयर सरकारी भूमि, सरदार नगर की 0.5238 हेक्टेयर निजी व 0.0593 हेक्टेयर सरकारी भूमि, अंगूरी की 0.6636 हेक्टेयर निजी व 2.4999 हेक्टेयर सरकारी भूमि अर्जन की जा रही है। देवीपुर की 5.3178 हेक्टेयर निजी व 0.2374 हेक्टेयर सरकारी भूमि, आलमपुर जाफराबाद की 0.3397 हेक्टेयर निजी व 0.1361 हेक्टेयर सरकारी भूमि, चकरपुर की 4.8331 हेक्टेयर निजी व 0.2039 हेक्टेयर सरकारी भूमि, देवचरा की 4.0589 हेक्टेयर निजी व 0.1637 हेक्टेयर सरकारी भूमि, बाहनपुर की 0.0373 हेक्टेयर निजी व 0.1227 हेक्टेयर सरकारी भूमि, सिरोही की 0.2682 हेक्टेयर निजी व 0.0080 हेक्टेयर सरकारी भूमि, चाढ़पुर की 0.4864 हेक्टेयर निजी व 0.0266 हेक्टेयर सरकारी भूमि, मकरंदपुर धाराजीत की 0.2457 हेक्टेयर निजी व 0.0407 हेक्टेयर सरकारी भूमि, सैदपुर कनी की 0.5788 हेक्टेयर निजी व 0.1555 हेक्टेयर सरकारी भूमि, चौबारी मुस्तकिल की 0.6267 हेक्टेयर निजी व 0.1714 हेक्टेयर सरकारी भूमि, यूसुफपुर की 0.0020 हेक्टेयर सरकारी भूमि, भगवानपुर ठाकुरान गांव की 0.2097 हेक्टेयर सरकारी भूमि अर्जन की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि कुल 35.2759 हेक्टेयर भूमि अर्जन होगी, इसमें 30.4115 हेक्टेयर निजी भूमि और 4.722 हेक्टेयर सरकारी भूमि शामिल है।

बरेली से बदायूं बाईपास तक हाईवे निर्माण के लिए 650 करोड़ रुपये मंजूर हुए हैं। बदायूं-बरेली पैकेज फोर में शामिल है। भमोरा से देवचरा के बीच संयुक्त बाईपास का भी निर्माण होगा। करीब 38 किलोमीटर सड़क फोरलेन होगी। बिनावर के पास बरेली हाईवे को गंगा एक्स्प्रेस-वे से जोड़ने की भी तैयारी है। हाल ही में मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी ने बरेली को बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए बरेली-मथुरा हाईवे का चौड़ीकरण जल्द पूरा कराने के लिए एनएचएआई के साथ बैठक की थी। बरेली की सड़क गंगा एक्सप्रेस-वे की तरह बनवाने की बात कही थी। बरेली को बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए और क्या विकल्प हो सकते हैं, इसको लेकर एनएचएआई संग मंथन किया था।

मैक्स हॉस्पिटल वैशाली ने न्यूरोसर्जरी और स्पाइन सर्जरी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली ।मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली ने आजसोमवार को श्री वेदांत हॉस्पिटल, बरेली, में अपनी न्यूरोसर्जरी और स्पाइन सर्जरी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इस अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के न्यूरोसर्जरी एवं एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी विभाग के सीनियर डायरेक्टर और हेड डॉ. गौरव बंसल, मौजूद रहे। डॉ. गौरव बंसल, हर महीने की पहले बुधवार को दोपहर 12ः00 बजे से 2ः00 बजे तक श्री वेदांत हॉस्पिटल, बरेली, में प्राथमिक परामर्श और फॉलो-अप के लिए उपलब्ध रहेंगे। ओपीडी उद्घाटन के दौरान, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली, के न्यूरोसर्जरी एवं एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी विभाग के सीनियर डायरेक्टर और हेड - डॉ. गौरव बंसल, ने कहा, हमारा लक्ष्य मिनिमली इनवेसिव और

प्रिसिशन-गाइडेड सर्जिकल समाधान प्रदान करना है, जो न केवल मरीज की सुरक्षा बढ़ाते हैं बल्कि रिकवरी को भी तेज़ करते हैं। इस पहल के माध्यम से हम विश्वस्तरीय न्यूरोसर्जिकल विशेषज्ञता को समुदाय के करीब लाने और मरीजों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने की उम्मीद रखते हैं। इन विशेष ह्क्ष्छ सेवाओं की शुरुआत से हम न्यूरोलॉजिकल और स्पाइनल डिसऑर्डर्स के समय पर निदान और विशेषज्ञ प्रबंधन को सुनिश्चित कर रहे हैं। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली, की विशेषज्ञ टीम अत्याधुनिक न्यूरो और स्पाइन सर्जरी में माहिर है, जिसमें न्यूरो नेविगेशन, अवेक ब्रेन और इमेज-गाइडेड स्पाइन तकनीकें शामिल हैं। टीम बिना टांके वाले स्पाइन उपचार भी करती है, जिससे रिकवरी तेज़ होती है। इसके साथ ही, वे मस्तिष्क और स्पाइन ट्यूमर, सिर की चोट और ट्रॉमा मामलों का प्रिसिशन-ड्रिवन उपचार सुनिश्चित करते हैं, जिससे मरीज को बेहतर परिणाम मिलते हैं। इन ओपीडी सेवाओं की शुरुआत के साथ, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली, मरीजों के घर के करीब अत्याधुनिक न्यूरोसर्जिकल देखभाल प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है। यह पहल विशेषज्ञता और समुदाय तक पहुंच के बीच की खाई को पाटने के लिए तैयार की गई है, जिससे मरीज समय पर परामर्श, सटीक निदान और सुरक्षित, प्रभावी उपचार विकल्प प्राप्त कर सकें।

तीस हजार रुपये के जूते दो हजार में बेचने वाले दुकानदार की खुली पोल,पुलिस ने किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। संजय नगर में निहाल स्पोर्ट्स की दुकान पर बारादरी थाना पुलिस ने दबिश देकर ब्रांडेड कंपनी के लोगो लगे नकली जूतों का जखीरा बरामद किया। यहां से पुलिस ने संजय नगर निवासी मोहम्मद निहाल को गिरफ्तार कर लिया। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बारादरी थाने में आरोपी से पूछताछ की। थाना प्रभारी के मुताबिक निहाल ने बताया कि वह एनबी कंपनी (न्यू बेलेंस कंपनी) के असली जूते बताकर नकली जूते बेच रहा था। नकली जूतों पर एनबी का लोगो लगा देता था। इस कंपनी के असली जूते पांच हजार से तीस हजार रुपये तक कीमत के हैं, जबकि वह नकली जूतों को 1800 से 2500 रुपये तक बेच देता था। ग्राहकों को बता देता था कि जीएसटी चोरी करके यह जूते सीधे कंपनी से मंगवा लिए हैं। अक्सर जूतों में समस्या आ जाती थी तो लोग इसे कंपनी का उत्पाद मानकर कंपनी के हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत करते थे। इस तरह की शिकायतें बढ़ने पर कंपनी के अधिकारी अंकित सिंह ने बरेली आकर जांच पड़ताल की तो हकीकत खुल गई। अंकित सिंह की ओर से निहाल के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने निहाल का चालान कर दिया।

बरात में हर्ष फायरिंग में गोली लगने से युवक की मौत; मौके से भागे आरोपी

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। सिरौली थाना क्षेत्र के गांव शिवपुरी में रविवार को आई बरात में हुई हर्ष फायरिंग में गोली लगने से युवक घायल हो गया। इससे बरात में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए बरेली भेज दिया, जहां देर रात उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से शादी की खुशियां काफूर हो गईं। पुलिस के आने से पहले ही फायरिंग करने का आरोपी भाग गया। सूचना पर आई पुलिस ने जांच-पड़ताल की। आरोपी को पकड़ने के लिए सीसी कैमरे भी खंगाले। लेकिन, वह पकड़ में नहीं आया। पुलिस के मुताबिक, गांव शिवपुरी में अबरार उर्फ मंगली की लड़की की बरात बरेली के थाना सुभाषनगर की मणिनाथ पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव सिठौरा से आई थी। युवक के माथे में लगी गोली जैसे ही बरात रात नौ बजे गांव के मुख्य अड्डे पर स्थित एक बरातघर में बस से उतरना शुरू हुई। कुछ लोगों ने ताबड़तोड़ हर्ष फायरिंग शुरू कर दी। इसमें एक गोली सड़क पार खड़े बराती रिजवान के माथे में लग गई, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। घटना के बाद फायरिंग करने वाले मौके से भाग गए। घटना की सूचना पुलिस को मिली, तब इंस्पेक्टर विनोद कुमार पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। जांच-पड़ताल कर घायल को उपचार के लिए बरेली भेजा, जहां उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने गमगीन माहौल में बरात चढ़वा दी। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि मामला हर्ष फायरिंग से जुड़ा हुआ है। फायरिंग करने वाले आरोपियों का सुराग पुलिस निकालने में जुटी हुई है।

नागरिक सुरक्षा कोर स्थापना दिवस के अवसर पर वृहद रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । कलेक्ट्रेट स्थित नागरिक सुरक्षा कोर परिसर में नागरिक सुरक्षा कोर स्थापना दिवस के अवसर पर वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 174 वार्डेन्स व स्वयं सेवकों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने रक्त देने वाले वार्डेंस व स्वयं सेवकों की प्रशंसा करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। शिविर में सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने पहुंचकर प्रत्येक वार्डेन व स्वयं सेवकों का उत्साह बर्धन किया और कहा इससे बड़ा कोई दान नहीं है। उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा राकेश मिश्रा, डिप्टी चीफ वार्डन रंजीत वशिष्ठ, सहायक उपनियंत्रक गण पंकज कुदेशिया तथा प्रमोद डागर, सिविल लाइन्स डिवीजन के डिवीजनल वार्डन दिनेश, डिविजनल वार्डन बारादरी संजय पाठक, डिवीजनल वार्डन आ0 शिवलेश चन्द्र पाण्डेय सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

ढाई माह से लापता युवक का गन्ने के खेत मिला कंकाल क्षेत्र में हड़कंप मच गया

